केरलीय प्रश्न रत्न

श्रीः ।

केरलीयप्रश्नरत्नम् ।

ज्योतिर्विद्वर-श्रीनन्दरामपण्डित-विरचितम् ।

श्रीमद्राजकुमारजनरलराणा श्रीश्री १०८ श्रीध्रुव-
जनृसिंहजी बहादुराश्रित-जयपुरनिवासिना
ज्योतिर्विदा श्रीसुन्दरलालशर्मणा रचितया
सुन्दरीसमाख्यया भाषाव्याख्यया
संभूषितम् ।

जयपुरनिवासि-माधव-प्रसादशर्मद्वारा समुपलब्धम्
तदेव

मुद्रक एवं प्रकाशकः
खेमराज श्रीकृष्णदास,™
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, मुंबई - ४०० ००४.

संस्करण : दिसंबर २०११, सम्वत् २०६८

मूल्य : ६० रुपये मात्र।

मुद्रक एवं प्रकाशक:
खेमराज श्रीकृष्णदास,™
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग,
मुंबई - ४०० ००४.

Printers & Publishers :
Khemraj Shrikrishnadass,
Prop: Shri Venkateshwar Press,
Khemraj Shrikrishnadass Marg, 7th Khetwadi,
Mumbai - 400 004.

Web Site : http://www.Khe-shri.com
Email : khemraj@vsnl.com

Printed by Sanjay Bajaj For M/s. Khemraj Shrikrishnadass Proprietors Shri Venkateshwar Press, Mumbai - 400 004, at their Shri Venkateshwar Press, 66 Hadapsar Industrial Estate, Pune 411 013.

विज्ञप्तिपत्रम् ।

श्रीशोभिशोभितयशोगुणगौरवाढ्य-
माढ्यं करिष्णुगुणसञ्चयतो धरित्रीम् ।
तेजोऽमितं परिदधत्क्षपितारिपक्षं
राणाकुलं विजयते भुवि भूरिभाग्यम् ॥ १ ॥

श्रेणीसौख्यकरो हरोऽतिविपदां रामः प्रजानां पुनः
सिंहः साहसशौर्यवीर्यनिचयैर्नृणां नराधीश्वरः ।
दानी मानयिता विशालमतिमान् ख्यातस्ततोऽभूत्सुधीः
स्वीयां रामनृसिंह इत्यभिधया वंशावलीमुन्नयन् ॥ २ ॥

तत्सूनुराजिजेताकाजीश्रीरामकृष्णाह्वः ।
शक्तिधरः खलु मूर्त्तो जातोऽरीणां विजेता यः ॥ ३ ॥

तस्याभवत् क्षत्रियवीरवर्यः सर्द्दारराणारणजीतसिंहः ।
लेभेऽतिहर्षं जनता यतः कौ पुरन्दरेणेव सुरेशलोकः ॥ ४ ॥

सुतस्तदीयो महनीयमूर्तिः पूर्त्तिप्रदः स्वाश्रितमानसानाम् ।
बभुव राजीवविशालनेत्रः काजीवरो बालनृसिंहवर्मा ॥ ५ ॥

अष्टावभूवन् किल तस्य पुत्रा गोत्राधुरं वोढुमतीवचित्राः ।
सृष्टा विधात्रा जगतामवित्रा गजा इवैते ककुभामरित्राः ॥ ६ ॥

श्रीमान्प्रचण्डभुजदण्डविखण्डितारि-
खण्डः प्रकाण्डरणचण्डतरासिदण्डः ।
नेपालभूमिपरिमण्डनचण्डवीर्यं
आखण्डलेन सदृशोऽभवदेषु षष्ठः ॥ ७ ॥

विपक्षभूपालविखण्डनेन लब्धप्रतिष्ठो भुवि विद्वरिष्ठः ।
वसुष्विवासीत्प्रतिभाविशिष्टो देवव्रतो यो नृपनीतिनिष्ठः ॥ ८ ॥

थोङ्लिङ्पिम्मा कोकाङ्वाङ्स्याङ् ।
चीनविभुर्यमदिक्षदुपाख्याङ् ।
कम्पौण्डरइन्चीफपदैर्युक्
योऽभूत् प्राइमिनिष्टरपदभुक् ॥ ९ ॥

के-सी-एस्-आइ-संज्ञं विरचितकुनयध्वान्तविध्वंसमेनं
सम्राज्ञी षड्गुणज्ञं परिचितविनयं भारतस्य व्यधत्त ।
ख्यातो भूमण्डलेऽस्मिन् निजकृतविभवैः श्रीमहाराजमान्यो
नेपालेशान आसीद्धनपतिमहिमश्रीरणोद्दीपसिंहः ॥ १० ॥
गुणैरनूनः पितुरस्य पुत्रः श्रीमन्महाराजकुमारजनरल् ।
अस्ति ध्वजादिर्नरसिंहदेव बहादुरो याचककल्पवृक्षः ॥ ११ ॥
तत्साहाय्यमवाप्य पण्डितवरः श्रीशैवनारायणि-
र्लेटोपाधियुतः शिवार्चनपरो ज्योतिर्विदामग्रणीः ।
श्रीमत्सुन्दरलाल एतमकरोद्भाषानुवादं मुदे
लोकानामखिलेश्वरश्च भगवांस्तुष्टिं प्रयायादतः ॥ १२ ॥

॥ श्रीः ॥

अथ केरलीयप्रश्नरत्नस्थविषयानुक्रमणिका ।

इति विषयानुक्रमणिका समाप्ता ।

श्रीगणेशाय नमः ।

केरलीप्रश्नरत्नम् ।

संज्ञाप्रकरणम् ।

यदक्षरं ब्रह्म वदन्ति विज्ञाः सिद्धास्तुरीयं यदकर्तृ सांख्याः ।
तं सत्यमानन्दनिधिं स्मरामि श्रीनन्दसूनुं श्रुतिभिर्विमृ-
ग्यम् ॥ १ ॥

श्रीगजास्यं नमस्कृत्य सिद्धिबुद्धिप्रदायकम् ।
केरलीप्रश्नरत्नस्य भाषाटीकां करोम्यहम् ॥

ग्रन्थके आदिमें मङ्गलाचरण करते हैं, ग्रन्थकर्त्ता मिश्र नन्दरामजी गोपालजीको स्मरण करे है, कैसे हैं गोपालजी जिनको महापण्डित अक्षर ब्रह्म कहते हैं, योगिराज तुरीय कहते हैं, सांख्य उनको अकर्त्ता पुरुष कहते हैं । फेर कैसे हैं, सत्यात्मक हैं, आनन्द-मूर्त्ति हैं, फेर कैसे हैं, श्रुति करके विचारण योग्य हैं ॥ १ ॥

ज्योतिःशास्त्रे पञ्चशाखाप्रतानाः सद्यस्तेषां यश्चमत्कार-
कारी । श्रीरुद्रोक्तः केरलिस्तं तु सम्यक् जानाती-
शस्तत्प्रसादाज्जनोऽन्यः ॥ २ ॥

ज्योतिःशास्त्रके विषय पञ्च शाखा कही हैं । तदुक्तं "पञ्चस्कन्ध-मिदं शास्त्रं होरागणितसंहिता, केरली शकुनं चेति ॥" इनके विषय केरली सद्यः चमत्कारकारी है, केरलशास्त्र श्रीमहादेवजीने कहा है । केरलको भली प्रकार श्रीमहादेवजी जानते हैं, उनके प्रसादसे अन्य मनुष्य जानते हैं ॥ २ ॥

ज्ञात्वा किञ्चित्तत्र कुर्वे प्रबन्धं श्रीगोपालप्रेषणात्प्रश्नरत्नम् । स्वर्णावृत्तैर्भातु कण्ठे बुधानां नित्यं भूमिपालविद्वत्सभासु ॥ ३ ॥

केरलशास्त्रको किञ्चित् जान करके श्रीगोपालजीकी प्रेरणासे प्रश्नरत्न नाम प्रबन्ध करूं हूं। कैसा है प्रश्नरत्न सुन्दर वर्ण है, स्वल्प छन्द है, फेर कैसा है, राजा और पण्डितोंकी सभामें बुधजनके कण्ठमें शोभायमान है ॥ ३ ॥

अथास्य प्रयोजनमाह ।

यद्यपि बहुप्रबन्धाः शुक्लपटैः पण्डितंमन्यैः ।
रचितास्ते न हि रम्या अतो मयायं समासतः क्रियते ॥ ४ ॥

मिथ्या पण्डिताभिमानी श्वेताम्बर नाम बौद्धोंने तो यद्यपि बहुतसे प्रबंध किये हैं, परन्तु सो रम्य नहीं हैं, छन्दोव्याकरणादि दोषोंसे भरे हैं । इसलिये संक्षेप करके मैं इस ग्रन्थको करता हूं ॥ ४ ॥

अस्य व्यतिरिक्तमुखेनाधिकारिण आह ।

श्रीमच्छिवेनोक्तमिदं रहस्यं तत्त्वं परं ये श्रुतितत्त्वहीनाः ।
बौद्धादयो वा यवनादयो ये तेभ्यो न दद्याद्यदि धर्मकामः ॥ ५ ॥

यह श्रीमहादेवजीने उक्त केरलरहस्य तत्त्व है सो श्रुतितत्त्व है बौद्धाधिक और यवनादिकको नहीं देना, धर्मकी अभिलाषा होय तो (अर्थात् आस्तिक-धर्म्माभिमानी होय तो) ॥ ५ ॥

नो दुर्विनीताय न नास्तिकाय नो वेददेवद्विजनिन्दकाय । खलाय धूर्त्ताय न सर्वथैव प्रकाशयेत्तत्त्वमिदं सुगोप्यम् ॥ ६ ॥

इस रहस्यतत्त्वको दुर्वीनित और नास्तिकको और वेद देवता और ब्राह्मण इनकी निन्दा करै उसको और खलको और धूर्तोंको सर्वथा प्रकाश नहीं करना, इसको गुप्त रखना ॥ ६ ॥

नम्राय देवद्विजपूजकाय ब्रह्माक्षरब्रह्मसुनिश्चयाय । एवं-
विधाय द्विजपुंगवाय दत्त्वा समाप्नोति बुधोऽर्थधर्मान् ॥ ७॥

गुरुभक्तको और देवता ब्राह्मणके पूजकको, ब्रह्म जो नारायण और अक्षरब्रह्म जो वेद इन दोनोंमें निश्चय होय ऐसे द्विजपुंगवको देनेसे पण्डित वाञ्छित धर्म अर्थको प्राप्त होता है ॥ ७ ॥

अथ पृच्छकनियममाह ।

अनन्यचेताः कार्यार्थी प्रश्नं कुर्यात् फलान्वितः ।
पुनः पुनः सभामध्ये कुभूमौ नाविवर्त्तवाक् ॥ ८ ॥

प्रश्नकर्ता एकाग्रचित्त होकरके फलयुक्त (सुपारी नारियल रख-के) प्रश्न करे । बार बार प्रश्न नहीं करना, सभाके बीचमें प्रश्न नहीं करना, कुत्सित भूमिमें प्रश्न न करना, और वर्णोंसे उच्चारण ऐसा करे कि जिसमें विवर्त्त माने षण्ढाक्षर ऋ ॠ ऌ ॡ क्षादि वर्णका मुखसे उच्चारण न होय । तदुक्तं । षण्ढा युक्ताक्षराः क्षाद्या विवर्त्ता-स्तेऽपि नो शुभाः ॥ ८ ॥

बद्धास्यशुक्लाम्बरनास्तिकादीन् कुब्जान्धवन्ध्याबधिरा-
ङ्गहीनान् । कुष्ठादियुक्तान् परिवर्ज्य विद्वान् प्रश्नं वदेदु-
च्चरितार्णदृष्टिः ॥ ९ ॥

जिनका मुख बद्ध रहता है और श्वेताम्बर धारण करै है ऐसे नास्तिकको, कुब्जको, अंधको, बन्ध्याको, बधिरको, अंगहीनको, कुष्ठादियुक्तको, इन सर्व जनोंको छोड करके पण्डित प्रश्न कहै, और प्रश्नकर्त्ताके उच्चारित वर्णोंपर दृष्टि रखना चाहिये । तदुक्तं । "विमुक्तकेशकाषायैर्नग्नैः क्षुधितनास्तिकैः । कुब्जान्धवन्ध्या-रजकैर्दृष्टैः सिद्धिर्न जायते ॥" और लल्लाचार्य्य विशेष कहते हैं,

यात्राविरुद्ध जो शकुन उनको छोड करके प्रश्न कहै सो ग्रन्थान्तर-से जान लेना चाहिये ॥ ९ ॥

अथास्योपजीविनीं वर्गाणामुत्तरादिसंज्ञामाह ।

उत्तरा विषमा वर्गाः समा वर्गाष्टके धराः ।
स्वेषूत्तरोत्तरौ ज्ञेयौ पूर्ववच्चाधराधरौ ॥ १० ॥

अवर्गादि अष्टवर्गके मध्यमें जो विषम वर्ग है, उनको उत्तर संज्ञा कही है । और सम वर्गोंको अधरसंज्ञा कही है । उत्तर वर्गोंके मध्यमें जो विषम है, उनकी उत्तरोत्तर संज्ञा कही है । अधर वर्गोंके बीचमें जो सम है उनकी अधराधर संज्ञा कही है सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥ १० ॥

दशमश्लोकोक्तं उत्तरादिसंज्ञाचक्रम् ।

अ	च	त	य	उत्तराः
क	ट	प	श	अधराः
अ	०	त	०	उत्तरोत्तरौ
०	ट	०	श	अधराधरौ

वर्गौ द्वौ विद्भिर्द्वादशमात्रासु विज्ञेयौ ।
काद्याः सप्त च तेषां वर्णाः पञ्चाब्धयोऽङ्कवर्गाणाम् ॥ ११ ॥

एकादशश्लोकोक्तं वर्णचक्रम् ।

अ	ए	क	च	ट	त	प	य	श	वर्गाद्याः
आ इ ई उ ऊ	ऐ ओ औ अं अः	ख ग घ ङ	छ ज झ ञ	ठ ड ढ ण	थ द ध न	फ ब भ म	र ल व	ष स ह	अक्षराणि
६	६	५	५	५	५	५	४	४	४९ योगः

अकारादि षोडश स्वरोंके बीचमें षण्ढ स्वर व्यतिरिक्त द्वादश मात्राका दो वर्ग समझना । ये दो वर्ग कादिक सप्तवर्ग इन नववर्गोंके वर्ण पञ्चचत्वारिंशत् ४५ होते हैं, सो चक्रमें प्रस्फुट है समझ लीजिये ॥ ११ ॥

तेष्वादिमास्तृतीया उत्तरवर्णास्तथा धराद्वियुगाः ।
स्वेषूत्तरोत्तराख्या विषमा अधराधराश्च समाः ॥ १२ ॥

द्वादशश्लोकोक्तं वर्णन्यासचक्रम् ।

अ	ए	क	च	ट	त	प	य	श	१	
इ	ओ	ग	ज	ड	द	ब	ल	स	३	उत्तराः
आ	ऐ	ख	छ	ठ	थ	फ	र	ष	२	
ई	औ	घ	झ	ढ	ध	भ	व	ह	४	अधराः
अ		क		ट		प		श		
इ		ग		ड		ब		स		उत्तरोत्तराः
	ऐ		छ		थ		र			
	औ		झ		ध		व			अधराधराः
उ ऊ	अं अः	ङ	ञ	ण	न	म	०	०		एतेउभय पक्षदग्धाः

पूर्वोक्त नववर्गोंके बीचमें जो प्रथम तृतीय वर्ण हैं उनको उत्तर संज्ञा कही है और द्वितीय चतुर्थ वर्णोंकी अधर संज्ञा कही है, और उत्तर वर्णोंके बीचमें जो विषम वर्ण हैं उनकी उत्तरोत्तर संज्ञा

कही है, अधर वर्णोंके बीचमें समवर्ण हैं उनकी अधराधर संज्ञा कही है, सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥ १२ ॥

काद्येषु पञ्चमस्तथा उभये अं अ उ ऊ दग्धाः ।
अथ मात्रासु ज्ञेयं चोत्तरपूर्वं क्रमात्प्राग्वत् ॥ १३ ॥

कादिक जो सप्त वर्ग उनके जो पञ्चम वर्ण उनकी दग्ध संज्ञा कही है, उभय वर्गके उ ऊ अं अः इनकी दग्ध संज्ञा कही है और अकारादि द्वादश स्वरोंकी उत्तरादि संज्ञा पूर्वोक्त क्रम करके जान लेना चाहिये सो दिखाते हैं । अ इ उ ए ओ अं इनकी उत्तर संज्ञा है, आ ई ऊ ऐ औ अः इनकी अधर संज्ञा है, अ उ ओ इनकी उत्तरोत्तर संज्ञा है, इ ए अं इनकी उत्तर संज्ञा है, आ ऊ औ इनकी अधर संज्ञा है, ई ऐ अः इनकी अधराधर संज्ञा है ॥ १३ ॥

भेदा दशोत्तरोत्तरपूर्वाणां वर्णमात्रोत्थाः ।
शुभमध्यनेष्टफलदा दग्धे पञ्चामृतं कष्टात् ॥ १४ ॥

वर्ण मात्रासे उत्पन्न हुए जो उत्तरोत्तर पूर्वा जिनके दश भेद होते हैं सो लिखते हैं । उत्तरोत्तरोत्तरोत्तर १ उत्तरोत्तरोत्तर २ उत्तरोत्तर ३ उत्तरोत्तराधर ४ उत्तरोत्तराधराधर ५ उत्तराधर ६ उत्तराधराधर ७ अधराधर ८ अधराधराधर ९ अधराधराधराधर १० । इन दश भेदोंके मध्यमें पूर्वके तीन भेद शुभ हैं और तीनके उपरान्त सप्तपर्यन्त जो ४ भेद हैं सो मध्यम हैं, और सातके उपरान्त जो तीन हैं सो नेष्ट हैं । अब उदाहरण दिखाते हैं, अ उच्चारण करनेसे उत्तरोत्तरोत्तरोत्तर संज्ञक प्रश्न होता है, और दग्धाद्यवर्ण प्रश्न होय तो पांच भेद होते हैं, सो लिखते हैं । उत्तरोत्तरदग्ध १ उत्तरदग्ध २ अधरदग्ध ३ अधराधरदग्ध ४ दग्धदग्ध ५ इन पञ्च भेदके फल क्रमसे समझ लेना । कष्ट १, अति कष्ट २, व्याधि ३, अतिव्याधि ४, मृत्यु ५ ॥ १४ ॥

चत्वारः कचटादितश्च यशहाः स्युर्जीवसंज्ञा रषौ
चत्वारश्च तपादितोऽक्षरगणं धातोः परं मूलके ।

एकद्वित्रिनवान्त्यसप्तममिता जीवः स्वरा उ ऊ अं
धातौ मूलमितोऽवशेषमथ भूहस्तात्रिचन्द्राभवाः ॥ १५ ॥

पञ्चदशश्लोकोक्तं जीवादिसंज्ञाचक्रम्।

जीवाक्षराणि स्वराश्च	क ख ग घ च छ ज झ ट ठ ड ढ य श ह अ आ इ ओ अः ए	२१
धात्वक्षराणि स्वराश्च	त थ द ध प फ ब भ र ष उ ऊ अं	१३
मूलाक्षराणि स्वराश्च	ल व स ङ ञ ण न म ई ऐ औ	११

कुचुटु इन तीनों वर्गके आदिके जो ४ वर्ण हैं और य श ह इन वर्णोंकी जीवसंज्ञा कही है, तु पु इन दो वर्गोंके आदिके ४ वर्ण और र ष इन वर्णोंकी धातु संज्ञा कही है। जीवधातु योनिके व्यतिरक्त जो शेष वर्ण उनकी मूल संज्ञा कही हैं। प्रथम, द्वितीय, तृतीय, नवम, द्वादश, सप्तम इन स्वरोंकी जीवसंज्ञा है। उ ऊ अं इन तीनों स्वरोंकीं धातुसंज्ञा है। जीवधातु भिन्न जो शेष स्वर उनकी मूलसंज्ञा कही है। सो चक्रमें प्रस्फुट लिखी है सो समझ लीजिये। जीवाक्षरसमुदाय २१ का है धात्वक्षरसमुदाय १३ का है, मूलाक्षरसमुदाय ११ का है ॥ १५ ॥

आलिङ्गितादिकाः स्युः पुरुषपुरन्ध्रीनपुंसकाभिख्याः।
संयुक्तासंयुक्तौ सौख्यव्याधिप्रमोदशोकौ च ॥
ञङणनमा मृतिसंज्ञा जीवितसंज्ञाश्च वर्गपूर्वार्णाः ॥ १६ ॥

वक्ष्यमाण जो आलिङ्गित संज्ञक स्वर हैं सो पुरुष संज्ञक हैं, अभिधूमित स्वर स्त्रीसंज्ञक हैं, दग्धस्वर नपुंसक संज्ञक हैं, और वक्ष्यमाण जो संयुक्त संज्ञक हैं सो सौख्य और प्रमोद संज्ञक हैं,

असंयुक्त व्याधिसंज्ञक और शोकसंज्ञक हैं। ङ ञ ण न म इन पञ्च वर्णोंकी मृत्यु संज्ञा कही है और वर्गोंके जो प्रथम वर्ण उनकी जीवित संज्ञा कही है ॥ १६ ॥

श्वेतं रक्तं पीतं हरितं पीतं भवेद्धूम्रम् ।
हरितं कृष्णं वर्णं ह्यादीनामष्टवर्गाणाम् ॥ १७ ॥

अवर्गादिक जो आठ वर्ग उनका क्रमसे वर्ण समझ लेना चाहिये। श्वेत १ रक्त २ पीत ३ हरित् ४ पीत ५ धूम्र ६ हरित ७ कृष्ण ८। सो चक्रमें लिखा है समझ लीजिये ॥ १७ ॥

श्वेतं पीतं धूम्रं रक्तं वा कर्बुरं द्वाभ्यां द्वाभ्याम् ।
मात्राभ्यां स्यादन्त्योपान्त्ये सितासिते ज्ञेये ॥ १८ ॥

अ आ इत्यादि दो दो स्वरोंका श्वेतादिवर्ण समझ लीजिये, क्रमसे श्वेत १ पीत २ धूम्र ३ रक्त ४ कर्बुर ५ । अः विसर्ग स्वरका श्वेत, अं अनुस्वार स्वरका काला जानना ॥ १८ ॥

वर्त्तुलदीर्घे त्र्यस्रं खण्डं चक्राभसुप्तसर्पाभम् ।
चतुरस्रानन्तास्रे संज्ञा ज्ञेयादिवर्गाणाम् ॥ १९ ॥

अब वस्तुओंका स्वरूप जाननेके लिये संज्ञा कहते हैं । अवर्गादि आठ वर्गोंका क्रमसे स्वरूप जान लीजिये । वर्त्तुल १ दीर्घ २ त्रिकोण ३ खण्ड ४ चक्राकार ५ सुप्तनागकी तरह ६ चतुरस्र ७ बहुत कोण ८। सो सब चक्रमें प्रस्फुट लिखा है ॥ १९ ॥

वर्त्तुलदीर्घे त्र्यस्रं चतुरस्रं खण्डकं विषमम् ।
द्वाभ्यां द्वाभ्यां ज्ञेयाः संज्ञा विज्ञैश्च मात्राभ्याम् ॥ २० ॥

अब स्वरोंका वस्तुज्ञान कहते हैं । दो दो स्वरोंका क्रमसे समझ लीजिये। वर्त्तुल १ दीर्घ २ त्रिकोण ३ चौकोर ४ खण्ड ५ वर्त्तुलाद्याकाररहित ६ जानना ॥ २० ॥

अण्डजजरायुजाख्यौ स्वेदोद्भिज्जाष्टकवर्गतो द्वाभ्याम् ।
तिसृभिस्तिसृभिस्तद्वन्मात्राभिर्वा क्रमात्ते स्युः ॥ २१ ॥

अब जीवोंका प्रकार कहते हैं । दो दो वर्गों करके क्रमसे जान लीजिये, अण्डज १ जरायुज २ स्वेदज ३ उद्भिज्ज ४ और तीन तीन मात्राका भी क्रमसे समझ लीजिये द्वादश स्वरोंकी ४ संज्ञा होती है ॥ २१ ॥

सुरदितिजनागगन्धर्वमुनिनरापिशाचराक्षसाख्याः ।
रलवटठडढार्णाः स्युश्चिपिटा ङञणनमाश्चान्धाः ॥ २२ ॥

अवर्गादि अष्ट वर्गोंकी देवादि संज्ञा क्रमसे जानना, सो चक्रमें प्रस्फुट लिखी है । अब स्वर व्यञ्जनोंकी विशेष संज्ञा कहते हैं । र ल व ट ठ ड ढ इन सप्त वर्णोंकी चिपिट संज्ञा है, ङ ञ ण न म इन पञ्च वर्णोंकी अन्ध संज्ञा है ॥ २२ ॥

इईषमखसा मूकाः कखगघआ अश्च खल्वाटाः ।
जशउऊअंअः उक्ताः कुब्जा बधिरा शषौ सहौ वर्णाः २३॥

इ ई ष म ख स इन ६ वर्णोंकी मूक संज्ञा है, क ख ग घ आ अ इन ६ वर्णोंकी खल्वाट संज्ञा है, ज श उ ऊ अं अः इन ६ वर्णोंकी कुब्ज संज्ञा है, श ष स ह इन ४ वर्णोंकी बधिर संज्ञा है ॥ २३ ॥

कोमलाः कखअआः षसवर्णानिष्ठुरा उतचऊछद्-
वर्णाः । उत्तरा बहुसुगन्धियुताः स्युः पूतिगन्धसहिता
अधराख्याः ॥ २४ ॥

क ख अ आ ष स इन ६ वर्णोंकी कोमल संज्ञा है, उ त च ऊ छ द इन ६ वर्णोंकी कठोर संज्ञा है, उत्तरोत्तर स्वरवर्ण बहु सुगन्धियुक्त हैं, उत्तर स्वल्पसुगन्धियुक्त हैं, अधर स्वल्पदुर्गन्धि-युक्त हैं, अधराधर बहुत दुर्गन्धियुक्त हैं । चिपिटादि निष्ठुरान्त-

आठ संज्ञाके मध्यमें झ थ ध थ प फ ब भ यह आठ वर्ण ए ऐ ओ औ चार स्वर ये नहीं कहे हैं सो साङ्ग समझना, ककारकी खल्वाट कोमल दो संज्ञा हैं, खकारकी खल्वाट कोमल मूक तीन संज्ञा हैं, मकारकी मूक अन्ध दो संज्ञा हैं, शकारकी कुब्ज बधिर दो संज्ञा हैं, मूर्द्धन्य और दन्त्यसकारकी मूक बधिर कोमल तीन संज्ञा हैं। इसका हृत नष्टादिक प्रश्नमें चौरका स्वरूप जाननेमें उपयोग पडेगा। इन संज्ञाको भली प्रकार समझ करके प्रश्नोत्तर कहना चाहिये ॥ २४ ॥

उत्तरैश्च भवेद्भक्ष्यमभक्ष्यमधराधरैः ।
उऊवाहौ मपङञा अधमा निष्फलाः स्मृताः ॥ २५ ॥

उत्तर स्वरवर्णोंकी भक्ष्य संज्ञा है, अधराधर स्वरवर्णोंकी अभक्ष्य संज्ञा है, उ ऊ व ह म प ङ ञ इन आठ वर्णोंकी अधम और निष्फल संज्ञा है, सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥२५॥

स्वविषयः प्रसंयुक्तोऽसंयुक्तश्चान्यदेशेशः ।
पुरपोऽभिहितोऽनभिहातिसंज्ञः स्यादग्रामबाह्येशः ॥ २६ ॥

संयुक्तवर्ण स्वदेशके स्वामी हैं, असंयुक्त स्वदेश भिन्न अन्य देशके स्वामी हैं, अभिहित पुरपति हैं, अनभिहित ग्रामसे बाह्य जो भूमि उसके स्वामी हैं ॥ २६ ॥

ए ऐ ओ औ स्वर्गे आ अ इ ई चापि पाताले ।
अं अः उ ऊ धरायां मात्रास्थानं बुधैः प्रोक्तम् ॥ २७ ॥

ए ऐ ओ औ ये चार स्वर स्वर्णवासी हैं, आ अ इ ई ये चार स्वर पातालवासी हैं, अं अः उ ऊ ये चार स्वर पृथ्वीवासी समझ लीजिये ॥ २७ ॥

प्रश्नाद्वर्णारूढा या मात्रा स्यात्तथा ज्ञेयम् ।
सत्वं रजस्तमो वा ह्यालिङ्गाद्यैस्तथोत्तराद्यैश्च ॥ २८ ॥

पूर्व श्लोकमें मात्राका स्थान जो कहा है, सो प्रश्नश्रेणीमें पूर्व

जो वर्ण उसमें जो मात्रा उस मात्रासे समझना चाहिये । आलिङ्गित स्वर सत्त्वस्वरूप हैं, अभिधूमित स्वर रजःस्वरूप हैं, दग्धस्वर तमःस्वरूप हैं । उत्तर वर्ण सत्त्वस्वरूप हैं, अधर वर्ण रजःस्वरूप हैं, दग्धवर्ण तमःस्वरूप हैं ॥ २८ ॥

अधराधरे च वर्षं ह्यधरे मासस्तथोत्तरे पक्षः ।
दिनपूर्वमुत्तरोत्तर इति विज्ञेयं च नष्टादौ ॥ २९ ॥

अधराधर प्रश्नमें वर्षावधि कहना, अधरमें मासावधि कहना उत्तर प्रश्नमें पक्षावधि कहना, उत्तरोत्तर प्रश्न होय तो दिन पूर्वावधि कह देना । इस प्रकार हृतनष्टादि द्रव्यका प्राप्तिसमय कहना, आदि शब्दसे दूरस्थ मनुष्यका गमनागमनका समय कहना ॥२९॥

अधरे रात्रिः कृष्णो घस्रः शुक्लस्तथोत्तरे प्रश्ने ।
पूर्वादीनां नाथा अष्टौ वर्गाः क्रमेणैव ॥ ३० ॥

अधर प्रश्नमें कृष्णपक्षकी रात्रि कहना, उत्तर प्रश्नमें शुक्लपक्षका दिन कहना, अवर्गादि अष्टवर्ग पूर्वादि दिशाके स्वामी क्रमसे जान लेना, सो चक्रमें लिखा है समझ लीजिये ॥ ३० ॥

ग्रामो बाह्यं योजनार्द्धं च वर्गाद्द्विघ्नं द्विघ्नं ङादयो दूरदेशम् । आद्यैर्वर्गैः पञ्चभिः स्युर्वसन्तात् ज्ञेया वर्षा स्वच्छनीरायुतात्र ॥ ३१ ॥

ग्राम १ ग्रामबाह्य २ योजनार्द्ध ३ योजन ४ द्वियोजन ५ चतुर्योजन ६ अष्ट योजन ७ षोडश योजन ८ इनका अवर्गादि आठ वर्ग क्रमसे स्वामी समझना । ङ ञ ण न म यह बहुत योजनके १६ योजनसे अधिकके) स्वामी हैं । अवर्गादि नववर्ग जो है सो वसन्तादि पञ्च ऋतुके स्वामी क्रमसे समझना । और वर्षा-

ऋतु शरदृतुयुक्त जान लेना सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥ ३१ ॥

प्रहराधीशा ज्ञेयाश्चानभिघातं विना प्रश्नाः ।
अष्टौ संयुक्ताद्या युक्तिक्रमतोऽत्र विद्वद्भिः ॥ ३२ ॥

वक्ष्यमाण संयुक्तादि अष्टपक्ष सूर्योदयसे अष्ट प्रहराधीश हैं, और अभिघात अनभिघातको एक ही समझना सो चक्रमें लिखा है समझ लीजिये ॥ ३२ ॥

काद्या वर्गाः सूर्यवारादिनाथाश्चाद्या सूर्यात्पञ्चमा के-
तुरुक्तः । शुक्ले त्वर्द्धे ह्यौत्तरी चाधरी स्याद्वेला कृष्णे
व्यस्तमेवं निशायाम् ॥ ३३ ॥

कादि सप्तवर्ग और अवर्ग यह अष्टवर्ग सूर्यादि ग्रहोंके स्वामी क्रमसे समझ लेना, ङ ञ ण न म ये पञ्चवर्ण केतुग्रहके स्वामी हैं, शुक्लपक्षमें दिनके पूर्व्वार्द्धमे औत्तरी वेला, और दिनके उत्तरार्द्धमे आधरी वेला, कृष्णपक्षमें दिनके पूर्वार्द्धमें आधरी वेला, शुक्लपक्ष रात्रिके पूर्वार्द्धमें आधरीवेला, शुक्लपक्ष रात्रिके उत्तरार्द्धमें औत्तरी वेला, कृष्णपक्ष रात्रिके पूर्वार्द्धमें औत्तरीवेला, कृष्णपक्ष रात्रिके उत्तरार्द्धमें आधरी वेला जानना, सो चक्रमें लिखा है समझ लीजिये ॥ २३ ॥

१६ श्लोकादारभ्य ३३ श्लोकोक्तानि चक्राणि ।

पुरुष	स्त्री	नपुंसक	संज्ञाः
आलिङ्गित	अभिधूमित	दग्ध	संज्ञाः
अ इ ओ ए	आ ई ऐ औ	उ ऊ अं अः	स्वराः
सत्त्वम्	रजः	तमः	गुणाः

अ ए क च ट त प य श इ ओ ग ज ड द ब ल स	उत्तराः संयुक्ताः सौख्य- प्रमोदसंज्ञकाश्च सत्त्वाः
आ ऐ ख छ ठ थ फ र ष ई औ घ झ ढ ध भ व ह	अधराः असंयुक्ताः व्याधि- शोकसंज्ञकाश्च रजाः
उ ऊ अं अः ङ ञ ण न माः	मृताः तमःस्वरूपाः
अ क च ट त प य शः	जीविताः ।

वर्गाः	अ	क	च	ट	त	प	य	श
रंग	श्वेत	रक्त	पीत	हरित	पीत	धूम्र	हरित	कृष्ण
वस्तुस्वरूप	वर्तुल	दीर्घ	त्रिकोण	खण्ड	चक्राकार	सुप्तसर्पाभ	चतुरस्र	अनन्तास्र
संज्ञा	देवाः	दैत्याः	नागाः	गन्धर्वाः	मुनिः	नरः	पिशाचः	राक्षसाः
जीवाः	अण्डजाः		जरायुजाः		स्वेदजाः		उद्भिज्जाः	

स्वराः	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः
वर्णाः	श्वेत		पीत		धूम्र		रक्त		कर्बुर		श्वेत	कृष्ण
स्वरूपा	वर्तुल		दीर्घ		त्रिकोण		चतुरस्र		खण्ड		विषम	
जीवाः	अण्डजाः कुक्कुटादयः		जरायुजाः मनुष्यादयः			स्वेदजाः मत्कुणादयः			उद्भिज्जाः वृक्षादयः			

चिपिटाः	अन्धाः	मूकाः	खल्वाटाः	कुब्जाः	बधिराः	कोमलाः	कठोराः	संज्ञाः
ल व ट ठ ड ढ	ङ ञ ण न म	इ ई ष म ख स	क ख ग घ आ अ	ज श ड ऊ अं अः	श ष क्ष ह	क ख अ आ ष स	उ त च ऊ छ द	वर्णाः

विशेषसंज्ञाचक्रम् ।

साङ्गाः	खल्वाटाः कोमलौ	खल्वाटकोमलमूकाश्च	मूकान्धौ	कुब्जबधिरौ	मूकबधिरकोमलाश्च	मूकबधिरकोमलाश्च	संज्ञाः
एऐओऔऊथ धञ्फबभय	क	ख	म	श	ष	स	वर्णाः

संयुक्त	असंयुक्त	अभिहित	अनभिहित	पक्षाः
स्वदेशाधीशः	स्वदेशाभिन्नस्वामी	पुरुषः	ग्रामबाह्येशः	स्वामिनः

पञ्चविंशतिश्लोकोक्तं चक्रम्।

अङटपशाः इगडबसाः	दिवा शुक्लपक्ष दिनपूर्वावधिः	भक्ष्य	बहुसुगन्धि-युताः	उत्तरोत्तराः
एचतयाः ओजदलाः	दिवा शुक्लपक्ष पक्षावधिः	भक्ष्य	सुगन्धि-युताः	उत्तराः
ऐछथराः औजधवः	रात्रिकृष्णपक्ष वर्षावधिः	अभक्ष्य	बहुदुर्गन्धि-युताः	मधरा-धराः
आक्ठफषा इघढभहाः	रात्रिकृष्णपक्ष मासावधिः	अभक्ष्य	दुर्गन्धि-युताः	अधराः
उऊअंआः ङञणनमाः	दग्धा उभय-पक्षगाः	भक्ष्याभक्ष्य	निर्गन्धिकाः	०
उऊवाहो	मपङञ	अधमाः	निष्फलाः	०

वर्गाणां स्थितिचक्रम्।

सू	चं	म	बु	बृ	शु	श	रा	ग्रहाः
अ	क	च	ट	त	प	य	श	वर्गाः
पूर्वा	आग्नेयी	दक्षिणा	नैर्ऋती	पश्चिमा	वायव्या	उत्तरा	ऐशानी	दिशः
ग्रामे	ग्रामबाह्ये	योजनार्द्धे	योजनम्	द्वियोजनम्	चतुर्योजनम्	अष्टयोजनम्	षोडशयोजनम्	
ङ	ञ	ण	न	म	दश	दशे	देशतः	

ऋतुचक्रम् ।

अ ए क च ट त प य श	आ ऐ ख छ ठ थ फ र ष	इ ओ ग ज ड द ब ल स	ई औ घ झ ढ ध भ व ह	उ ऊ अं अः ङ ञ ण न मः
वसन्तः १	ग्रीष्मः २	वर्षा ३ शरत ४	हेमन्तः ५	शिशिरः ६

दिनपूर्वाबाधिज्ञानचक्रम् ।

संयुक्त	असंयुक्त	अभिहत	अनभिहत	अभिघातक अनभिघातक	आलिङ्गित	अभिधूमित	दग्ध	पक्षाः
१	२	३	४	५	६	७	८	प्रहराः

वेलाज्ञानचक्रम् ।

ओत्तरावला	आधरीवेला
शुक्लपक्षे पूर्वार्द्धदिने	शुक्लपक्षे उत्तरार्द्धदिने
कृष्णपक्षे उत्तरार्द्धदिने	कृष्णपक्षे पूर्वार्द्धदिने
शुक्ले रात्रौ उत्तरार्द्धे	शुक्ले रात्रौ पूर्वार्द्धे
कृष्ण रात्रा पुवार्द्धे	कृष्णे रात्रौ उत्तरार्द्धे

अथ हृत्कमलचक्रस्यावतारमाह ।

आद्यैर्वर्गैरष्टपत्रेषु नाड्यो वर्णैस्तत्त्वान्येव तास्वेव विन्द्यात् । बाणैरङ्गैस्तत्त्वभागास्तथासौ ह्रस्वैर्दीर्घैः स्यात्प्रवेशो गमश्च ॥ ३४ ॥ नाडीभिः स्युः सिद्ध-


पक्षाश्च ताभ्यां मासो भागाश्चानुपातेन कल्प्याः।
एवं ज्ञात्वा सर्वकालं वदेज्ज्ञो ह्यं वेषस्थो ह्यः परस्थो
विकालः॥ ३५॥

अब प्रसव गर्भाधान कालज्ञानके अर्थ हस्तकमलचक्रका अवतार दिखाते हैं। हस्तकमलकी उत्पत्ति समरसार प्रभृति स्वरग्रन्थोंमें "शुक्रादित्रित्रिघस्रैर्हिमगुरथ रविरित्यादि" क्रमसे कही है। हस्तकमलचक्रके अष्ट दलके विषय अवर्गादि अष्ट वर्ग स्थापन करे और तत्तत्पत्रमें इन वर्गोंके वर्णोंसे पृथिव्यादि पञ्चतत्त्व समझना, यवर्ग शवर्गका आकाशतत्त्व संयुक्तवशात् समझना। पञ्च स्वर करके तत्वोंके भाग समझ लेना चाहिये। ह्रस्व स्वर संयुक्त वर्णोंसे प्राणका प्रवेश होता है, दीर्घ स्वरसंयुक्त वर्णोंसे प्राणका गमन होता है, हस्तकञ्जाष्ट नाडीके त्रिरावृतिसे चतुर्विंशति पक्ष होते हैं, दो पक्षका एक मास होता है। मासभाग अनुपातसे कल्पना करना। पूर्वोक्त प्रकार सम्यक् जान करके सर्व प्रश्नादिकोंके फलप्राप्तिका समय कहै, अं स्वर प्राणके प्रवेशमें स्थित रहता है, विसर्ग स्वर प्राणके गमनमें स्थित रहता है, यह दोनों स्वर विकाल हैं अर्थात् समयशून्य हैं, प्राणका प्रवेश निर्गम बहुत सूक्ष्म है सो समरसारमें कहा है। तदुक्तम्। "प्रश्ने श्वासान्तर्गमे चेज्जयः स्याद्भङ्गो निर्यात्यत्र सूक्ष्मं तदेतत्।" प्राण कितने कालको कहते हैं सो सूर्यसिद्धान्तमें लिखा है। "दशगुर्वक्षरोच्चारः प्राण इत्यभिधीयते। षड्भिः प्राणैर्विनाडी स्यात्तत् षष्ट्या नाडिकाः स्मृताः। नाडीषष्ट्या तु नाक्षत्रमहोरात्रं प्रकीर्त्तितम्॥ तत्त्रिंशता भवेन्मासः सावनोऽर्कोदयैस्तथा। ऐन्दवस्तिथिभिस्तद्वत् संक्रान्त्या सौर उच्यते। मासैर्द्वादशभिर्वर्षं दिव्यं तदह उच्यते॥" हस्तकमलकी अहोरात्रमें तीन आवृत्ति होती है, सूर्योदयसे २० घटिकापर्यन्त सत्त्वका भोग रहता है, २० घटिकासे उपरान्त सूर्योदयसे ४० घटिकापर्यन्त रजका भोग

रहता है, ४० घटिकासे उपरान्त सूर्योदयपर्यन्त तमका भोग रहता है। सत्त्वके भोगमें प्रश्न करे तो प्रश्न काल पर्यन्त प्राण स्थापन करे, रजके भोगमें प्रश्न करे तो सत्त्वका भोग युक्त करे, तमके भोगमें प्रश्न करे तो सत्त्वरज दोनोंके भो। युक्त करे, फिर प्राणसमूहमें ६० का भाग ले लब्ध दिन होते हैं शे। कला रहती है, दिनमें ३० का भाग ले लब्ध राशि होती हैं, इन राश्यंशकलाको तात्कालिक सूर्यमें युक्त करना उस सूर्यके तुल्य जब सूर्य आवे तब प्राप्तिकाल कहे, यह स्थूलमान आता है। अब सूक्ष्म प्रकार लिखते हैं, प्राणसमूहमें ६० का भाग लेनेसे जो लब्ध और शेष होय उनको दो जगहमें स्थापन करे, एकको १३ से गुणन करे और ८९० से भाग ले, लब्ध आवे वह द्वितीय स्थानमें युक्त करे, फेर ३० से भाग लेनेसे लब्ध राश्यादि रवि होता है, उसको तात्कालिक सूर्यमें युक्त करनेसे भविष्य प्राप्ति कालका सूर्य होता है, फिर मासस्पष्टकी रीतिसे दिन पूर्व इष्टकाल निकाल लेवे। और विशेष यह है कि हृत्कमलकी एकावृत्तिके ७२०० प्राण होते हैं, दिन रात्रके प्राणसमूह २१६०० इतने होते हैं सो ग्रन्थान्तरमें लिखा है। यथा-"षट्शतानि दिवारात्रौ सहस्रं त्वेकविंशतिः। हंसहंसेति हंसेति जीवो जपति नित्यशः॥" आकाशादि तत्त्वोंके प्राणसमूहमें ६ का भाग देनेसे पल होते हैं, एक पत्रके प्रवेश निर्गमके ९०० प्राण होते हैं जिसकी ढाई घटी होती है। अब कालबोधके अर्थ उदाहरण देते हैं, सम्वत् १९४८ शाके १८१३ पौषशुक्ला ११ रवाविष्टम् १४।४४ अत्र रविः ८।२७।१८।८ सत्त्व भोगमें प्रश्न हुआ जिसमें १२ घटी ३० पल पर्यन्त पश्चिम पत्रमें प्राण रहता है, इष्टकालका और पश्चिमपत्रके भोगका अन्तर २।१४ हुआ सो वायव्य पत्रके प्रवेशका तेजतत्त्व पर्यन्त काल रहता है, सो सर्व प्राणसमूह ५३१० हुए इसमें ६० का भाग लिया लब्ध ८८ शेष ३० कला इसको दो जगह रखकर ८८।३० एकत्र १३ से गुणन किया तो इतने ११५०।३० हुए ८९० का भाग लिया तो

लब्ध १।१७ द्वितीय जगहमें युक्त किया तो ८९।१।४७ हुआ इसमें ३० का भाग लिया लब्ध २ राशि शेष २९ अंश कला ४७ इनको तात्कालिक सूर्यमें योग किया तो ११।२६।५३।१८ हुआ इस रविके तुल्य सूर्य आवे तब प्राप्तिका समय कहे, महीनेकी तरह दिनपूर्व इष्ट काल निकाल लेना, इसी प्रकार अन्यत्र जानना। यह अवधि वर्षाभ्यन्तरहीमें आती है, वर्षके उपरान्त जो अवधि कहना उसका प्रकार लिखते हैं। प्रश्नके समयका तात्कालिक लग्न स्थापन करे, फिर बृहस्पतिका स्पष्ट देखे जो गुरु प्रथम द्रेष्काणमें होय तो लग्नके तुल्य वर्ष कहे, द्वितीय द्रेष्काणमें होय तो पञ्चम भावकी राशिके तुल्य वर्ष कहे, तृतीय द्रेष्काणमें होय तो नवम भाव राशिके तुल्य वर्ष कहे, पूर्वोक्त अवधिमें संयुक्त करके वर्ष कहे ॥३५॥

३४।३५ श्लोकोक्तं चक्रम्।



३६।३७ श्लोकोक्तं चक्रम् ।

आलिङ्गित	अभिधूमित	दग्ध
अ इ ओ ए	आ ई ऐ औ	उ ऊ अं अः
जीवः खग्रामस्थः मध्यवयः गौरवर्णः	मूलम् अन्यपुरस्थः वृद्धवयः श्यामवर्णः	धातुमृतिः श्यामवर्णः शुभं नाहि शून्यं ज्वरामयदम्

जीवस्वग्रामस्थो मध्यवयो गौरवर्णश्च ।
आलिङ्गितमभिधूम्रे मूलान्यपुरस्थवृद्धकृष्णाभम् ॥ ३६ ॥
दग्धं मृतिधात्वसितं न शुभं शून्यं ज्वरामयदम् ।
षोडशतुल्यो राशिः ह्युत्तराधरद्विभेदेन ॥ ३७ ॥

पूर्वका सार्द्ध श्लोक सुगम है सो चक्रमें समझ लीजिये और वक्ष्यमाण संयुक्तादि आठ पक्षका उत्तराधर दो भेद करके षोडश राशि होती है ॥ ३६ ॥ ३७ ॥

उऊतथदषङहार्णा निर्वेदाख्यास्तथा मिश्राः ।
उऊङहा आद्यान्तरगा नेष्टाः शुभास्तथदाः ॥ ३८ ॥

उ ऊ त थ द ष ङ ह इन आठ वर्णोंकी निर्वेद संज्ञा कही है, शुभ नेष्ट मिलित है । उ ऊ ङ ह यह चार वर्णोंकी नेष्ट संज्ञा कही है, त थ द ये तीन वर्ण शुभ हैं, यह वर्ण प्रश्न श्रेणीमें आद्य मध्य अन्त्यगत होय तो प्रश्नको शुभनष्ट समझ लीजिये ॥ ३८ ॥

अचतुकशयाः शीता वह्निश्च रोचटौ ओऔ ।
उष्णौ तपौ समौ वा अं अउऊश्च चेद्युक्तः ॥ ३९ ॥

अ आ इ ई क श य इन सात वर्णोंकी शीत प्रकृति है । र च ट ओ औ इन पांच वर्णोंकी अग्नि प्रकृति है । त प यह दो वर्ण उष्ण प्रकृति और त प यह दो वर्ण दग्धस्वर संयुक्त होय तो समान उष्णशीत जानना, सो चक्रमें प्रस्फुट लिखाहै समझ लीजिये ॥३९॥

३८ श्लोकोक्तं चक्रम् ।

प्रश्नाद्यमध्यांतगताः ।		
शुभनेष्टाः निर्वेदाः	नेष्टाः	शुभाः
उ ऊ त थ द ष ङ ह ढ	उ ऊ ङ ह ४	त थ द ३

३९ श्लोकोक्तं चक्रम् ।

शीताः	वह्निः	उष्णः	अनुष्णशीतौ
अ आ इ ई क श य	ओ औ र च ट	त प	तं तः पं पः तु तू पु पू

अथ तिथिसंज्ञामाह ।

काद्या वर्णा ङादिहीना युताश्चेत् ह्रस्वैः शुक्ले पक्षतेः स्युश्च तिथ्यः । हाद्यस्तास्ते चाथरैः संयुताश्चेत् कृष्णे तिथ्यो ङादिभिः पञ्चदश्यौ ॥ ४० ॥

ङ ञ ण न म इन वर्णों करके रहित ककारादि अष्टादश वर्ण ह्रस्व स्वर संयुक्त होंय तो शुक्लप्रातिपदादि तिथि होती है, और हकारादि व्यस्त दीर्घस्वर संयुक्त होय तो कृष्णप्रातिपदासे तिथि होती है, और ङकारादि पांच वर्ण ह्रस्वस्वर संयुक्त होय तो पौर्णिमा समझना, दीर्घस्वर युक्त होय तो अमावस्या जान लेना, सो चक्रमें पस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥ ४० ॥

चत्वारिंशच्छ्लोकोक्तं तिथिचक्रम् ।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	तिथिः
क	ख	ग	घ	च	छ	ज	झ	ट	ठ	ड	ढ	त	थ	
कि	खि	गि	घि	चि	छि	जि	झि	टि	ठि	डि	ढि	ति	थि	
कु	खु	गु	घु	चु	छु	जु	झु	टु	ठु	डु	ढु	तु	थु	
के	खे	गे	घे	चे	छे	जे	झे	टे	ठे	डे	ढे	ते	थे	
को	खो	गो	घो	चो	छो	जो	झो	टो	ठो	डो	ढो	तो	थो	
कं	खं	गं	घं	चं	छं	जं	झं	टं	ठं	डं	ढं	तं	थं	

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	तिथिः
द	ध	प	फ	ब	भ	य	र	ल	व	श	ष	स	ह	
दि	धि	पि	फि	बि	भि	यि	रि	लि	वि	शि	षि	सि	हि	
दु	धु	पु	फु	बु	भु	यु	रु	लु	वु	शु	षु	सु	हु	
दे	धे	पे	फे	बे	भे	ये	रे	ले	वे	शे	षे	से	हे	
दो	धो	पो	फो	बो	भो	यो	रो	लो	वो	शो	षो	सो	हो	
दं	धं	पं	फं	बं	भं	यं	रं	लं	वं	शं	षं	सं	हं	

१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१	तिथिः
का	खा	गा	घा	चा	छा	जा	झा	टा	ठा	डा	ढा	ता	था	
की	खी	गी	घी	ची	छी	जी	झी	टी	ठी	डी	ढी	ती	थी	
कू	खू	गू	घू	चू	छू	जू	झू	टू	ठू	डू		तू	थू	
कै	खै	गै	घै	चैं	छै	जै	झै	टै	ठै	डै	ढै	तै	थै	
कौ	खौ	गौ	घौ	चौ	छौ	जौ	झौ	टौ	ठौ	डौ	ढौ	तौ	थौ	
कः	खः	गः	घः	चः	छः	जः	झ	टः	ठः	डंः	ढः	त	थः	

१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१	तिथिः
दा	धा	पा	फा	बा	भा	या	रा	ला	वा	शा	षा	सा	हा	
दी	धी	पी	फी	बी	भी	यी	री	ली	वी	शी	षी	सी	ही	
दू	धू	पू	फू	बू	भू	यू	रू	लू	वू	शू	षू	सू	हू	
दै	धै	पै	फै	बै	भै	यै	रै	लै	वै	शै	षै	सै	है	
दौ	धौ	गै	फौ	बौ	भौ	यौ	रौ	लौ	वौ	शौ	षौ	सौ	हौ	
दः	धः	पः	फः	बः	भः	यः	ः	लः	वः	शः	षः	सः	हः	

४० श्लोकोक्तं चक्रम् ।

उत्तरस्वरयुता वर्णाः । पौर्णमासी १५ ।

ङ	ञ	ण	न	म
ङि	ञि	णि	नि	मि
ङु	ञु	णु	नु	मु
ङे	ञे	णे	ने	मे
ङं	ञं	णं	नं	मं

अधरस्वरयुता वर्णाः । अमावास्या ३० ।

ङा	ञा	णा	ना	मा
ङी	ञी	णी	नी	मी
ङू	ञू	णू	नू	मू
ङै	ञै	णै	नै	मै
ङः	ञः	णः	नः	मः

अथ नक्षत्रानयनमाह ।

काद्या वर्णा ङाद्यैर्हीनाश्चेत्संयुक्ता ह्रस्वैः प्रश्ने ।
वह्नेर्धिष्ण्यानि स्युर्दीर्घैर्युक्तास्तद्वग्न्यर्क्षाद् द्वाविंशज्ञात् ॥ ४१ ।

ङकारादि पांच वर्णरहित ककारादि अष्टादश ह्रस्व स्वरयुक्त होय तो कृत्तिकादि अष्टादश नक्षत्र क्रमसे जानना, जो दीर्घस्वरयुक्त होय वो धनिष्ठादि नक्षत्रक्रमसे समझना, और ङकारादि पांच वर्ण अपने २ पूर्व वर्णयुक्त जानना, सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा समझ लीजिये ॥ ४१ ॥

४१ श्लोकोक्तं नक्षत्रचक्रं परपृष्ठे द्रष्टव्यम् ।

कृ	रो	मृ	आ	पु	पु	श्ले	म	पू	उ	ह	चि	स्वा	वि	अ	ज्ये	मू	पू	उ	ऽभि	श्र	ध	शं	पू	उ	रे	अ	भ
क	ख	ग	घ ङ	च	छ	ज	झ ञ	ट	ठ	ड	ढ ण	त	थ	द	ध न	प	फ	ब	भ म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह
कि	खि	गि	घिङि	चि	छि	जि	झिञि	टि	ठि	डि	ढि णि	ति	थि	दि	धिनि	पि	फि	बि	भि मि	यि	रि	लि	वि	शि	षि	सि	हि
कु	खु	गु	घु ङु	चु	छु	जु	झु ञु	टु	ठु	डु	ढु णु	तु	थु	दु	धु नु	पु	फु	बु	भु मु	यु	रु	लु	वु	शु	षु	सु	हु
के	खे	गे	घे ङे	चे	छे	जे	झे ञे	टे	ठे	डे	ढे णे	ते	थे	दे	धे ने	पे	फे	बे	भे मे	ये	रे	ले	वे	शे	षे	से	हे
को	खो	गो	घो ङो	चो	छो	जो	झोञो	टो	ठो	डो	ढो णो	तो	थो	दो	धो नो	पो	फो	बो	भो मो	यो	रो	लो	वो	शो	षो	सो	हो
कं	खं	गं	घं ङं	चं	छं	जं	झं ञं	टं	ठं	डं	ढं णं	तं	थं	दं	धं नं	पं	फं	बं	भं मं	यं	रं	लं	वं	शं	षं	सं	हं
घ	श	पू	उ	रे	अ	भ	कृ	रो	मृ	आ	पु	पु	श्ले	म	पू	उ	ह	चि	स्वा	वि	अ	ज्ये	मू	पू	उऽ	भि	श्र
का	खा	गा	घाङा	चा	छा	जा	झाञा	टा	ठा	डा	ढा णा	ता	था	दा	धाना	पा	फा	बा	भामा	या	रा	ला	वा	शा	षा	सा	हा
की	खी	गी	घीङी	ची	छी	जी	झी ञी	टी	ठी	डी	ढीणी	ती	थी	दी	धीनी	पी	फी	बी	भीमी	यी	री	ली	वी	शी	षी	सी	ही
कू	खू	गू	घू ङू	चू	छू	जू	झू ञू	टू	ठू	डू	ढू णु	तू	थू	दू	धू नू	पू	फू	बू	भू मू	यू	रू	लू	वू	शू	षू	सू	हू
कै	खै	गै	घै ङै	चै	छै	जै	झै ञै	टै	ठै	डै	ढै णै	तै	थै	दै	धै नै	पै	फै	बै	भै मै	यै	रै	लै	वै	शै	षै	सै	है
कौ	खौ	गौ	घा ङः	चौ	छौ	जौ	झौ ञौ	टौ	ठौ	डौ	ढौणौ	तौ	थौ	दा	धौनौ	पो	फौ	बौ	भौमौ	यौ	रौ	लौ	वौ	शौ	षौ	सौ	हौ
कः	खः	गः	घः ङः	चः	छः	जः	झः ञः	टः	ठः	डः	ढःणः	तः	थः	दः	धःनः	पः	फः	बः	भःमः	यः	रः	लः	वः	शः	षः	सः	हः

आलिङ्गितवेलामाह ।

दिग्भिर्दिग्भिर्नाडिकाभिः क्रमेण ज्ञेया वेलालिङ्गितादिस्वराणाम् । व्यस्तं रात्रौ त्र्यंशयुग्वह्निदण्डैस्तत्पूर्वाणामन्तराभुक्तिरुक्ता ॥ ४२ ॥

दश दश घटिका १० मान आलिङ्गितादि वेलाका स्थूलमान है, दिन प्रमाणके तीन विभाग करे, सूर्योदयसे प्रथम विभागमें आलिङ्गित वेला जानना, द्वितीय विभागमें अभिधूमित वेला समझना, तृतीय विभागमें दग्ध वेला समझना, और रात्रिके प्रथम त्र्यंशमें दग्धवेला, द्वितीय त्र्यंशमें अभिधूमित वेला समझना, तृतीय त्र्यंशमें आलिङ्गित वेला समझना, और त्र्यंशका त्र्यंश करके वेलापूर्वक अन्तरभुक्ति जान लेना सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥४२॥

४२ श्लोकोक्तं चक्रम् । दिवावेलाक्रमः ।

आलिङ्गित			अभिधूमित			दग्ध			दिग्भिरित्युपक्षलणम्
१०			१०			१०			दिनमानत्र्यंशे
आ	अ	द	अ	द	आ	द	आ	अ	अन्तराभुक्तिःत्र्यंशेस्यापि
३ २०	६ ४०	१० ००	१३ २०	१६ ४०	२० ००	२३ २०	२६ ४०	३० ००	त्र्यंशे

४२ श्लोकोक्तं चक्रम् । रात्रौ वेलाक्रमः ।

दग्ध			अभिधूमित			आलिङ्गित			दिग्मिरस्यु-पलक्षणम्
१०			१०			१०			निशाऽत्र्यंशे
द	अ	आ	अ	द	आ	आ	अ	द	त्र्यंशस्यापि त्र्यंशे अन्तरभुक्तिः
३ २०	३ २०	३ २०	३ २०	३ २०	३ २०	३ २०	३ २०	३ २०	

अथ संयुक्तादिवेलामाह ।

संयुक्ताप्रभृतीनां यत्र स्यादष्टसम्मिता संख्या ।
तत्रानभिघातख्यं ह्यभिघातान्तर्बुधैर्वेद्यम् ॥ ४३ ॥

वक्ष्यमाण संयुक्तादि पक्षकी जहां आठ संख्या है उस जगह अनभिघातको अभिघातके अन्तर्गत समझना ॥ ४३ ॥

वेदाग्निपञ्चाब्धिगुणाङ्कदस्त्ररामैर्मिताः स्युर्घटिकाः क्रमेण ।
सूर्योदयात् संयुतपूर्वकाणामेवं बुधैस्तत्परतोऽपि वेद्यम् ॥ ४४ ॥

सूर्योदयसे ४ घटिका पर्यन्त संयुक्तकाल रहता है, फेर ३ घटिका असंयुक्तकाल रहता है, उसके बाद ५ घटिका अभिहित काल रहता है, फेर ४ घटिका अनभिहित काल रहता है, तदन्तर ३ घटिका अभिघातककाल रहता है, उसके बाद ६ घटिका आलिङ्गित काल रहता है, फेर ९ घटिका अभिधूमित काल रहता है, फेर ३ घटिका दग्धकाल रहता है । ३० घटिकासे उपरान्त पूर्वोक्त प्रकारसे फिर जान लेना सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा समझ लीजिये ॥ ४४ ॥

४४ श्लोकोक्तं चक्रम् ।

प्रश्नाः	संयुक्त	असंयुक्त	अभिहित	अनभिहित	अभिघातक	आलिङ्गित	अभिधूमित	दग्ध
घटीमान	४	२	५	४	३	६	२	३
अहोरात्र	४	७	१२	१६	१९	२५	२७	३०
घटयः	३४	३७	४२	४६	४९	५५	५७	६०

इति श्रीमिश्रनन्दरामकृतकेरलीप्रश्नरत्नसुन्दरीटीकायां संज्ञाप्रकरणम् ॥ १ ॥

अथ संयुक्तादिसंज्ञामाह ।

प्रथमतृतीयाक्षरयोः संयुक्तेति स्वतो मिथश्चाख्याः ।
समवर्णयोश्च तद्वद्गवर्गाणामसंयुक्ताः ॥ १ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदिके दो वर्णसे संयुक्तादि नव संज्ञा कहते हैं, कादि सात वर्गोंके प्रथम तृतीय और तृतीयं प्रथम और प्रथम प्रथम और तृतीय तृतीय वर्णकी संयुक्त संज्ञा कही है, और द्वितीय चतुर्थ और चतुर्थं द्वितीय और द्वितीय द्वितीय और चतुर्थ चतुर्थ वर्णोंकी असंयुक्त संज्ञा कही है, सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है समझ लीजिये ॥ १ ॥

प्रश्नार्णौ चेत् क्रमगावभिहितसंज्ञं तथानभिहितं च ।
एकैकाद्वित्र्यर्णाः परगेष्वब्धीषुबाणाढ्याः ॥ २ ॥

प्रश्नश्रेणीके प्रथम दो वर्ण वर्गके क्रमसे होय तो अभिहित संज्ञा होती है । तथा प्रथम द्वितीय और द्वितीय तृतीय और तृतीय चतुर्थ और चतुर्थ पञ्चम वर्णकी अभिहित संज्ञा होती है । प्रथम पञ्चम और प्रथम चतुर्थ और द्वितीय पञ्चम और तृतीय पञ्चम वर्णोंकी अनभिहित संज्ञा कही है ॥ २ ॥

अभिघातं स्यात् पूर्वे वेदद्वित्र्यब्धिवर्णाश्चेत् ।
नगवर्गाणां परतो धरणीचन्द्रद्विरामाढ्याः ॥ ३ ॥

कादि सात वर्गोंके चतुर्थ प्रथम और द्वितीय प्रथम और तृतीय द्वितीय और चतुर्थ तृतीय वर्ण क्रमसे प्रश्नश्रेणीमें होय तो अभिघात संज्ञा होती है ॥ ३ ॥

पञ्चमवर्णः पूर्वे वर्गे काद्यर्णसंयुक्तः ।
ज्ञेयोऽनभिघाताख्यश्चिन्तादारिद्र्यदुखदः प्रोक्तः ॥ ४ ॥

पञ्चम प्रथम और पञ्चम द्वितीय और पञ्चम तृतीय और पञ्चम चतुर्थ और पञ्चम पञ्चम वर्णोंकी अनभिघात संज्ञा होती है । अनभिघात संज्ञक चिन्ता दुःख दारिद्र्यका देनेवाला है ॥ ४ ॥

आलिङ्गितमइओएआईऐऔ तथाभिधूम्राख्यम् ।
दग्धं च उऊअंअः प्रश्नाद्यगते च विज्ञेयम् ॥ ५ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदिमें केवल स्वर होनेसे आलिङ्गितादि तीन संज्ञा होती है । अ इ ओ ए यह चार स्वर होनेसे आलिङ्गित प्रश्न होता है, आ ई ऐ औ यह चार स्वर होनेसे अभिधूम्र प्रश्न होता है, उ ऊ अं अः यह चार स्वर होनेसे दग्ध प्रश्न होता है ॥ ५ ॥

अथ संयुक्तादिनवपक्षाणां भेदसंख्यामाह ।

पञ्चानभिघाताख्ये भेदा वेदाश्च शेषाणाम् ।
सर्वेषामगरामाः ३७ स्वान्यैर्मिलिता ह्यनन्ताः स्युः ॥ ६ ॥

अभिघातके पांच भेद होते हैं, शेष आठ पक्षोंके चार चार भेद होते हैं, संपूर्णके ३७ भेद होते हैं, और अन्य भेद मिलानेसे अनन्त भेद होते हैं, चारको आठ गुणित करनेसे ३२ होते हैं और पांच अभिघातके युक्त करनेसे ३७ भेद हुए । अब इनके भेद चक्रमें लिखे हैं सो देख लीजिये ॥ ६ ॥

१।२।३।४।५।६ श्लोकोक्तं चक्रम् ।

संयुक्त १		३ १	१ ३	३ ३	१ १
असंयुक्त २		४ २	२ ४	४ ४	२ २
अभिहित ३		४ ५	३ ४	२ ३	१ २
अनभिहित ४		३ ५	२ ५	१ ४	१ ५
अभिघात ५		४ ३	३ २	२ १	४ १
अनभिघात ६	५ ५	५ ४	५ ३	५ २	५ १
आलिङ्गित ७		ए	ओ	इ	अ
अभिधूमित ८		औ	ऐ	ई	आ
दग्ध ९		अः	अं	ऊ	उ
सर्वेषां भेदाः ३७ मिलिता ह्यनन्ताः ।					

अथैषां फलमाह ।

उत्तमाचिन्तालाभः संयुक्ते द्रव्यपुत्रेच्छा ।
अयुतेऽधमा प्रवासः स्त्रीद्रव्येच्छा कदा सौख्यम् ॥ ७ ॥

संयुक्त प्रश्न होय तो उत्तम चिन्ता, लाभ, द्रव्य पुत्रकी इच्छा-विषयक प्रश्न कहना और असंयुक्त प्रश्न होय तो अधम चिन्ता प्रवास स्त्री द्रव्यकी इच्छा किस कालमें सुख होवेगा ऐसा प्रश्न कहना ॥ ७ ॥

अन्येभ्योऽहितसौख्यं लाभाहितेऽनभिहिते च ।
मृज्जीवनसन्देहोद्वेगर्णजबन्धनादिभयम् ॥ ८ ॥

अभिहित प्रश्न होय तो दूसरेसे लाभ और सौख्यका प्रश्न कहै, अनभिहित प्रश्न होय तो मृत्यु जीवनका सन्देह और उद्वेग ऋण बन्धनादि भय ऐसा प्रश्न कहना ॥ ८ ॥

बन्धोद्वेगरणेभ्यो भयमभिघाते तथा लिङ्गे ।
स्वग्रामभित्रचिन्ता ह्यभिधूम्रे शत्रुचिन्ता स्यात् ॥ ९ ॥

अभिघात प्रश्न होय तो बन्धनका उद्वेगका संग्रामादि भयका प्रश्न कहना, आलिङ्गित प्रश्न होय तो स्वग्राम मित्र चिन्ता कहनी अभिधूम्र प्रश्न होय तो शत्रुचिन्ता कहनी ॥ ९ ॥

रोगातुरादिदग्धे ह्यभिघाते स्यादनभिघातम् ।
पिण्डं पञ्चविभक्तं द्वाभ्यां शस्तं परेष्वशुभम् ॥ १० ॥

दग्ध प्रश्न होय तो रोगातुरका आदि शब्दसे निद्रा क्षुधा स्वमादिकका प्रश्न कहना, और अनभिघातको अभिघातके अन्तर्गत समझ लेना । वक्ष्यमाण रीतिसे पिण्ड बनाकर पांचसे भाग लेना, शेष बचनेसे चिन्तित कार्य श्रेष्ठ कहना, एक तीन चार शून्य शेष रहे तो अशुभ कहना ॥ १० ॥

स्याद्यदाद्यवर्णपरा मात्रालिङ्गादिकं तर्हि ।
ज्ञेयं तदेव यद्वन्नाउ दग्धश्च भाषायाम् ॥ ११ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदिमें वर्ण (व्यञ्जन) द्वितीय स्वर होय तो आलिङ्गितादि तीन संज्ञा होती है, वर्णके आगे जो स्वर उसकी जो संज्ञा वही संज्ञा उसकी भी जानना । इसका उदाहरण लिखते हैं । मध्यदेशकी भाषामें नाउ शब्द जो है सो दग्ध है, इसी रीतिसे दाउ भाउ माउ इत्यादि जान लेना एवं नाई माई अभिधूमित. जाओ खाओकी आलिंगित्त संज्ञा होती है ॥ ११ ॥

वेदादिसंख्यासहितान् पूर्वान् वर्गांल्लिखेदस्य रविप्रभेदात् ।
अतोर्णमात्राजनितं तु पिण्डं सूक्ष्मं च संयुक्तावियुक्तयोः
स्यात् ॥ १२ ॥

अवर्गादि आठ वर्ग वेदादि संख्या करके एकोत्तर वृद्धिसे लिखे और उन वर्गोंके वर्ण भी तत्तत् संख्या करके एकोत्तर वृद्धिसे लिखे जिसमें अकारादि द्वादश मात्राके दो वर्ग होते हैं, संयुक्त असंयुक्त प्रश्न होय तो इस सूक्ष्म चक्रसे वर्णमात्राजनित पिण्ड उत्पादन करे सो चक्रमें लिखा है समझ लीजिये ॥ १२ ॥

१२ श्लोकोक्तं संयुक्तासंयुक्तवर्णाः

अ ४	आ ५	क ५	च ६	ट ७	त ८	प ९	य १०	श ११
इ ६	ई ७	ख ६	छ ७	ठ ८	थ ९	फ १०	र ११	ष १२
उ ८	ऊ ९	ग ७	ज ८	ड ९	द १०	ब ११	ल १२	स १३
ए १०	ऐ ११	घ ८	झ ९	ढ १०	ध ११	भ १२	व १३	ह १४
ओ १२	औ १३	ङ ९	ञ १०	ण ११	न १२	म १३	०	०
अं १४	अः १५	०	०	०	०	०	०	०

मुख्यपिण्डांकचक्रम् ।

एकद्व्यां नववर्गाणां तद्वर्णानां च तत्क्रमात् ।
ज्ञेया संख्यार्णमात्रोत्था चतुर्ष्वभिहितादिषु ॥ १३ ॥

अभिहित १ अनभिहित २ अभिघातक ३ अनभिघातक ४ यह चार प्रश्न होय तो इस चक्रसे वर्णमात्राजनित पिण्ड उत्पादन करे सो लिखते हैं । अवर्गादि नववर्ग एकादि संख्या करके एकोत्तर वृद्धिसे लिखे, उन वर्गोंके वर्ण भी तत्तत् संख्यासे एकोत्तर वृद्धिसे लिखे ॥ १३ ॥

१३ श्लोकोक्तं अभिहितादिचतुर्षु पिण्डाङ्कचक्रम् ।

अ १	ए २	क ३	च ४	ट ५	त ६	प ७	य ८	श ९
आ २	ऐ ३	ख ४	छ ५	ठ ६	थ ७	फ ८	र ९	ष १०
इ ३	ओ ४	ग ५	ज ६	ड ७	द ८	ब ९	ळ १०	स ११
ई ४	औ ५	घ ६	झ ७	ढ ८	ध ९	भ १०	व ११	ह १२
उ ५	अं ६	ङ ७	ञ ८	ण ९	न १०	म ११	०	०
ऊ ६	अः ७	०	०	०	०	०	०	०

एकद्व्यादीनष्टौ वर्गान् कृत्वा ज्ञेया मात्रार्णोस्तथा ।
संख्यालिङ्गाद्यप्रश्ने त्रिष्वप्यस्य द्विषड्भेदाः ॥ १४ ॥

आलिंगितादि तीनमें प्रश्न होय तो इस चक्रसे पिण्ड उत्पादन करे, अवर्गादि आठ वर्ग एकादि संख्या करके एकोत्तर वृद्धिसे लिखे उन वर्गोंके वर्ण भी तत्तत् संख्यासे एकोत्तर वृद्धिसे लिखे, इन तीन चक्रोंमें अवर्गके द्वादश भेद हैं सो चक्रमें लिखा है समझ लीजिये ॥ १४ ॥

चतुर्द्दशश्लोकोक्तं आलिङ्गितादीनां चक्रम् ।

अ १	आ २	क २	च ३	ट ४	त ५	प ६	य ७	श ८
इ ३	ई ४	ख ३	छ ४	ठ ५	थ ६	फ ७	र ८	ष ९
उ ५	ऊ ६	ग ४	ज ५	ड ६	द ७	ब ८	ल ९	स १०
ए ७	ऐ ८	घ ५	झ ६	ढ ७	ध ८	भ ९	व १०	ह ११
ओ ९	औ १०	ङ ६	ञ ७	ण ८	न ९	म १०	०	०
अं ११	अः १२	०	०	०	०	०	०	०

अथ गुणाकारमाह ।

संयुक्ते तद्द्विगुणं वेदगुणं स्यादसंयुक्ते ।
गजनिघ्नंचाभिहितेऽनभिहितप्रश्ने विवस्वघ्नम् ॥ १५ ॥

संयुक्त प्रश्न होनेसे पिण्डको २ से गुणन करे, असंयुक्त होने पिण्डको ४ से गुणन करे, अभिहित प्रश्नमें पिण्डको ८ से गुणन करे, अनभिहित प्रश्नमें पिण्डको १२ से गुणा करे ॥ १५ ॥

अभिघाते तिथिनिघ्नं तदनभिघाते च मेघघ्नम् ।
भूकररामगुणं स्यात्प्रश्नेऽथालिङ्गिताद्दिषु क्रमतः ॥ १६ ॥

आभिघात प्रश्नमें पिण्डको पञ्चदशसे गुणा करै, अनाभिघातमें पिण्डको सप्तदशसे गुणा करै, आलिङ्गित प्रश्नमें पिण्डको एकसे गुणा करै, अभिधूमित प्रश्नमें पिण्डको द्विगुण करे और दग्ध प्रश्न होय पिण्डको त्रिगुण करै ॥ १६ ॥

संयुक्त	असंयुक्त		अनभिहित	अभिघात	अनभिघात	आलिङ्गित	अभिधूमित	दग्ध	प्रश्नाः
२	४	८	१२	१५	१७	१	२	३	गुणाङ्काः

संयुक्ताद्या प्रश्नवर्णद्विकोत्था संज्ञा ज्ञेयालिङ्गिताद्या स्वरश्चेत् । तत्पिण्डं तत्प्रोक्तचक्रैर्गुणेन स्वेनाभ्यस्तं तेन सर्वं विदध्यात् ॥ १७ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदिके दो वर्णसे संयुक्तादि छः संज्ञा होती है और मात्रा आदिमें होनेसे आलिंगितादि तीन संज्ञा होती है, जिस संज्ञाका प्रश्न होय उस संज्ञाके चक्रसे पिण्ड उत्पादन करै फेर अपने गुणसे पिण्डको गुणा करै, गुणक गुणित पिण्डसे वक्ष्यमाण भूतादि त्रिकाल ज्ञान कहै, सर्व शब्द करके पिण्डको श्रेष्ठ कहा है ॥ १७ ॥

अथ भूतादिकालज्ञानमाह ।

आलिङ्गिते तत्कुयुतं कुहीनं दग्धेऽभिधूम्रे गुण-भक्तशेषे । रूपे ह्यतीतं द्विमितेऽस्ति शून्यं भाव्यं वदे-त्कुधमनष्टमत्र ॥ १८ ॥

संयुक्तादि नव पक्षोंके बीचमें प्रश्नश्रेणीके आदि वर्णमें आलिङ्गित मात्रा होय तो गुणक गुणित पिण्डमें एक युक्त करै, और दग्ध मात्रा होय ता एक हीन करै, अभिधूम्र मात्रा होय तो यथास्थित राखै, और विशेष कहते हैं। प्रश्नश्रेणीके आदिमें दग्धवर्ण अभिधूम्र स्वर होय तो एक हीन करै । तदुक्तम् । "दग्धाक्षरेऽभिधूम्रश्चेत्तद्धानि स्मृता बुधैः ।" फिर उस पिण्डमें ३ का भाग लेना एक शेष होय तो भूतकालका प्रश्न कहना, दो शेष रहे तो वर्त्तमान कालका प्रश्न कहना, शून्य शेष रहे तो भविष्य कालका प्रश्न कहना । अब बालबोधार्थ उदाहरण देते हैं, किसी पृच्छकने प्रश्न किया चंपक ऐसा उच्चारण किया तो संयुक्त प्रश्न हुआ, सूक्ष्म चक्रसे पिण्ड बनाया, यथा चक्रमें देख लीजिये। वर्णांक योग २० हुआ स्वराङ्क योग २२ हुआ, दोनोंका योग ४२ हुआ, गुणक दोसे गुणा किया तो ८४ स्फुट पिण्ड हुआ, यहां प्रश्नश्रेणीकी आदिमें दग्ध मात्रा है इसलिये एक शोधन किया तो ८३ स्फुट पिण्ड हुआ इसमें तीनका भाग लेनेसे लब्ध २७ प्राप्त हुआ शेष २ रहे तो वर्त्तमान कालका प्रश्न हुआ, इसी प्रकार सर्वत्र जानना । यहां तीन का भाग देनेसे जो लब्ध होय उसको नष्ट नहीं करना वक्ष्यमाण कार्यसिद्धि होवेगी ॥ १८ ॥

चं	प	क	वर्णाः
६	९	५	वर्णाङ्काः
१४	४	४	मात्राङ्काः

अथ मात्रादिद्वारातीतादिज्ञानं मूकप्रश्ने
कश्चिद्विशेषं चाह ।

दग्धेऽतीतं लिङ्गिते वर्त्तमानं भाव्यं धूम्रेऽथो ह्यतीते चतुष्पात् । ज्ञेयो नीचैरुत्तरैर्द्व्यङ्घ्रिजातिर्दग्धाज्वर्णैः पादयुक्पद्भजाद्यः ॥ १९ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदिमें दग्धस्वर होय तो भूतकालका प्रश्न कहना आलिंगित स्वर होय तो वर्त्तमानकालका प्रश्न कहना, अभिधूम्र स्वर होय तो भविष्यकालका प्रश्न कहना, और विशेष कहते हैं। अतीत कालका प्रश्न होय और स्वरवर्ण अधर होय तो चतुष्पदका प्रश्न कहै और उत्तर स्वरवर्ण होय तो द्विपद प्रश्न कहना, और दग्ध स्वर होय तो अपदका प्रश्न कहना, दग्ध वर्ण होय तो बहुपाद प्रश्न कहना ॥ १९ ॥

विद्यते शुभमथोत्तरवर्णैश्चाधरैरशमथोर्णजापिण्डम् ।
प्रश्नवर्णनिहतं स्वरयुक्तं द्व्याहतं भवति शस्तमशस्तम् ॥ २० ॥

वर्त्तमानकालका प्रश्न होय और श्रेणीकी आदिमें उत्तर स्वरवर्ण होय तो शुभ वर्त्तमानमें कहना, और अधर स्वरवर्ण होय तो अशुभ कहना। अब पिण्डद्वारा कहते हैं, वर्त्तमानकालमें वर्णपिण्ड २० को प्रश्न वर्ण तीनसे गुणा किया तो ६० हुआ, स्वराङ्क २२ योग किया तो ८२ हुआ, इसमें दोका भाग दिया तो शेष ० शून्य रहा इसवास्ते अशुभ प्रश्न कहना, एक शेष रहनेसे श्रेष्ठ प्रश्न कहना॥२०॥

भविष्यप्रश्ने विशेषमाह ।

उच्चोत्तराद्यैः क्रमतो भविष्ये राज्यं शुभं हानिरुजे मृतिश्च । पिण्डं शराप्तं क्रमतः फलं स्याद्वेददथो पञ्चविधोऽस्ति मृत्युः ॥ २१ ॥

प्रश्नश्रेणीकी आदिमें स्वरवर्ण उत्तरोत्तर होय तो राज्यसम्बन्धी प्रश्न कहना, उत्तर स्वरवर्ण होय तो सामान्य शुभवार्त्ताका प्रश्न कहना, अधर स्वरवर्ण होय तो हानि कहना, अधराधर स्वरवर्ण होय तो रोग प्रश्न कहना, दग्ध स्वरवर्ण होय तो मृत्युका प्रश्न कहना। अब पिण्ड द्वारा कहते हैं। पूर्वोक्त पिण्ड ८२ में पांचका भाग देनेसे जो शेष बचे उसका फल पूर्वोक्त क्रमसे जान लेना,

और पांच शेष बचनेसे मृत्युका प्रश्न होता है, वह मृत्यु पांच प्रकारका कहा है ॥ २१ ॥

अपमृत्युरभिहिते स्यादनभिहिताख्ये विदेशे च ।
अभिघाते रणभूमावधराधरसंयुतौ च रुजा ॥ २२ ॥

मृत्यु प्रश्न अभिहित संज्ञक होय तो अपमृत्यु कह देना, अनभिहित संज्ञक प्रश्न होय तो विदेशमें मृत्यु कह देना, अभिघात अनभिघात संज्ञक प्रश्न होय तो संग्राममें मृत्यु कह देना और अधराधर स्वरवर्णके योगसे रोग करके मृत्यु कह देना चाहिये ॥ २२ ॥

यद्युत्तरोत्तराढ्याश्चोत्तरवर्णा भवेन्मृत्युः ।
दीर्घे काले जरया विगलितदेहस्य पुरुषस्य ॥ २३ ॥

प्रश्नश्रेणीमें उत्तरोत्तर स्वरयुक्त उत्तर वर्ण होय तो जन्मसे किंवा प्रश्नकालसे उस पुरुषका देहका जरावस्थामें दीर्घकालमें मृत्यु कहना चाहिये ॥ २३ ॥

पिण्डमर्णभवमर्णमितिघ्नं सैद्वजङ्क्युतमाक्षिहतं स्यात् ।
पञ्चहृच्च जरयारुजयास्त्राद्यैर्विदेश इह वा अपमृत्युः ॥ २४ ॥

अब वक्ष्यमाण समस्त उदाहरण नालिकेरके ऊपर देवेंगे, ग्रन्थकारने लकारमें दीर्घ ईकार मानकरके पिण्ड बनाया है, नालीकेर ऐसा उच्चारण करनेसे अनभिघात संज्ञक प्रश्न हुआ अनभिघात चक्रसे पिण्ड ४१ हुआ, अपने गुणक १७ से गुणा किया तो ६९७ हुआ, यहां प्रश्नश्रेणीके आदिमें दग्धवर्ण अभिधूम्र स्वरयुक्त है, इसवास्ते एक हीन किया तो ६९६ स्फुट पिण्ड हुआ सो चक्रमें प्रस्फुट लिखा है देख लेना । अब क्रिया लिखते हैं । वर्णपिण्ड ३२ को वर्ण प्रमाण ४ से गुणा किया तो १२८ हुआ, एकसहित जो मात्राङ्क दश युक्त किया तो १३८ हुआ इसको द्विगुण किया तो २७६ हुए, इसमें पांचका भाग दिया तो शेष १ बचा तो वृद्धावस्थामें मृत्यु

कहना चाहिये । दो बचे तो रोगसे, तीन बचे तो शस्त्रसे, चार बचे तो विदेशमें, शून्य रहे तो अपमृत्यु कहना चाहिये ॥ २४ ॥

ना	ली	के	र	प्रश्नवर्णाः
ना	ली	के	०	उत्तरवर्णाः
०	०	०	र	अधरवर्णाः
१०	१०	३	९	वर्णाङ्काः
२	४	२	१	मात्राङ्काः
वर्णाङ्कयोगः				३२
मात्राङ्कयोगः				९

मृत्युः कदा भविष्यति तज्ज्ञानमाह ।

उत्तराधरमितार्णजपिण्डं भिन्नमेव विरचय्य पृथगास्थम् ।
आधरं त्रिगुणितं शरभक्तं चौत्तरं शरगुणं त्रिहृतं स्यात् २५

प्रश्नश्रेणीके उत्तराधर वर्णजन्य पिण्डको पृथक् पृथक् स्थानमें स्थापन करे । यथा उत्तर वर्ण पिण्ड २३ अधर वर्ण पिण्ड ९ अब आगे उदाहरणसे ही क्रिया करते हैं, अधर पिण्ड ९ को त्रिगुणित किया २७ हुआ पांचसे भाग लिया लब्ध ५ हुआ, उत्तरपिण्ड २३ को पांच गुणा किया तो ११५ हुआ तीनसे भाग लिया लब्ध ३८ हुआ उत्तर राशि २३।३८ हुई अधर राशि ९।५ हुई ॥ २५ ॥

आधरं ह्यथ हुताशनभक्तं मूलराशिरिह तस्य भवेत्सः ।
औत्तरं शरगुणं स च राशिस्तस्य नन्दसहितश्च विधेयः॥ २६॥

प्रश्नश्रेणीकी आदिमें अधर स्वर होय तो उत्तर उत्तरका योग करै, अधर अधरका योग करै, श्रेणीकी आदिमें उत्तर स्वर होय ता उत्तर उत्तरका अन्तर करै अधर अधरका अन्तर करै, फेर अधर राशिद्वय पिण्डमें तीनका भाग ले लब्ध जो आवे सो अधरकी मूल राशि होती है, उत्तर राशिद्वय पिण्डको पांच गुणा करै फेर नवयुक्त करै वह उत्तरकी मूलराशि होती है । इस उदाहरणमें प्रश्नश्रेणीकी

आदिमें अधर स्वरका योग है,' इसवास्ते उत्तर राशि २३ । ३८ दोनोंका योग किया तो ६१ हुए अधरराशि ९ । ५ दोनोंका योगसे १४ हुआ अधर राशि १४ में तीनका भाग लिया तो लब्ध ४ अधरकी मूलराशि हुई, उत्तर राशि ६१ को पांच गुणा किया तो ३०५ हुआ फेर ९ युक्त किया तो ३१४ उत्तरकी मूलराशि हुई॥२६॥

प्रश्ने चेदधरस्वरस्तदनयोर्योगं यदा चोत्तरो विश्लेषं च विधाय तच्छतकयोर्विश्लेषमायुर्भवेत् । ऊर्ध्वं चेच्छततः शताप्तमवशेषं स्यात्तथार्णाहतं भाप्तं षड्गुणितं नरस्य जनुषः स्युर्यातवर्षाश्च ते ॥ २७॥

फेर चकारके ग्रहणसे और व्याख्या लिखते हैं। श्रेणीके आदिमें अधर स्वर होय तो दोनों मूलराशियोंका योग करै, उत्तर स्वर होय तो अन्तर करै, इस उदाहरणमें अधर स्वरका योग है इसवास्ते दोनों ३१४ । ४ मूलराशियोंका योग किया तो ३१८ हुआ इसका शताङ्कसे अन्तर किया तो २१८ आयुर्दाय हुआ यह अंक शताधिक होय तो शतसे भाग देना, शेष आयुर्दाय होता है । आयुर्वर्षोंको १८ प्रश्नवर्ण ४ से गुणा किया तो ७२ हुए इसमें २७ का भाग लिया तो लब्ध २ हुए लब्ध २ को ६ गुणा किया तो १२ जन्मकालसे गत वर्ष हुए, गत वर्षोंको प्रश्न संवत्सरमें हीन करनेसे जन्मकालका संवत् आ जायगा ॥ २७॥

प्रश्नार्णघ्नाः सूर्यतष्टाश्च मासास्ते वर्णघ्नाः खाग्नितष्टाश्च तिथ्यः । मात्राङ्कघ्नाः सप्ततष्टाः कुजात् स्युस्ते पिण्डघ्नाः षष्टितष्टाष्टघट्यः ॥ २८ ॥

पुनः चकारके ग्रहणसे आयुर्वर्ष १८ को प्रश्नवर्ण ४ से गुणा किया तो ७२ हुए द्वादशका भाग लिया तो शेष शून्य बचा तो मासाभाव हुआ शून्यको द्वादश मास कल्पना किया वक्ष्यमाण कार्यसिद्धि

वास्ते मास द्वादशको प्रश्नवर्ण ४ से गुणा किया तो ४८ हुए ३० से भाग लिया तो शेष १८ तिथि प्राप्त हुई तिथि १८ को मात्राङ्क ९ से गुणन किया तो १६२ हुआ, ७ से भाग लिया तो शेष एक बचा तो भौमवार निर्याणका हुआ, वार एकको पिण्ड ४१ से गुणन किया वा ४१ हुआ ६० से तष्ट किया तो ४१ घटिका प्राप्त हुई, प्रश्न-समयसे वर्ष १८ मास ० कृष्णपक्ष तृतीया भौमवारके दिन ४१ घटी गये पर मृत्यु होगा, इसी प्रकार सर्वत्र समझना ॥ २८ ॥

शेषायुषि सुखं वा दुःखं वेति ज्ञानमाह ।

प्रश्नाणघ्नं प्रश्नवर्णोत्थपिण्डं मात्राङ्काढ्यं द्व्याप्तिशेषे सुखान्ये । आलिङ्गाद्यैश्चोत्तराद्यैः क्रमेण द्रव्येनाढ्या निर्द्धनाः शून्ययुक्ताः ॥ २९ ॥

वर्णपिण्ड ३२ को प्रश्नवर्ण ४ से गुणन किया तो १२८ हुआ मात्राङ्क ९ योग किया तो १३७ हुआ, दोका भाग लिया तो शेष एक बचा तो सुखसे कालक्षेप होयगा, शून्य शेष बचनेसे दुःखसे कालक्षेप होवेगा । प्रकारान्तरसे कहतेहैं । प्रश्नश्रेणीके आदिमें आलि-ङ्गित स्वर होय तो द्रव्ययुक्त कालक्षप होवेगा, अभिधूम्र स्वर होय तो निर्द्धनतासे कालक्षेप होवेगा, दग्धस्वर होय तो कष्टसे काल व्यतीत होयगा, श्रेणीकी आदिमें उत्तर वर्ण होय तो द्रव्ययुक्त, अधरवर्ण होय तो निर्द्धनता, दग्धवर्ण होय तो कष्टसे काल व्यतीत होवेगा२९॥

द्विघ्नः प्रश्नाद्यवर्गाङ्कः प्रश्नवर्णाङ्कसंयुतः ।
सप्तहृद्विषमे शेषे धनाढ्या निर्धनाः समे ॥ ३० ॥

प्रश्नश्रेणीके प्रथम वर्णके वर्गाङ्क ६ को द्विगुण करनेसे १२ भये वर्णपिण्ड ३२ योग करनेसे ४४ भये पुनः ७ से भाग ले शेष विषम बचे तो द्रव्ययुक्त सम शेष बचे तो निर्द्धनतासे कालक्षेप कहना । यहां शेष दो सम बचे तो निर्द्धनतासे काल व्यतीत होगा ॥ ३० ॥

अथाखिलप्रश्नेषु साधारणेषु शुभाशुभज्ञानमाह ।

उत्तरवर्णस्वरयोर्योगः शस्तोऽन्यथाधरयोः ।
मिश्रे च मिश्रमुक्तं फलं वर्णानां च योगेन ॥ ३१ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदिमें उत्तर स्वरवण होय तो श्रेष्ठ प्रश्न कह देना, अधर स्वरवर्ण होय तो अशुभ प्रश्न कह देना, और उत्तराधर मिलित स्वरवर्ण होय तो मिश्र प्रश्न कह देना, इस उदाहरणमें दग्धवर्ण अधर स्वर है इसलिये अशुभ कहना ॥ ३१ ॥

अथ लाभप्रश्नमाह ।

लाभप्रश्ने चोत्तरैर्लाभ उक्तो हानिस्त्वन्यैर्दग्धवर्णा
च्युतिश्चेत् । हानिर्लाभे युद्धकाले मृतिः स्यान्निःसान्दिग्धं
जल्पितं शंभुदेवैः ॥ ३२ ॥

प्रश्नश्रेणीमें उत्तराधिक स्वरवर्ण होय तो लाभ कह देना, अधराधिक स्वरवर्ण होय तो हानि कह देना, दग्धाधिक स्वरवर्ण होय और लाभका प्रश्न होय तो हानि कह देना, और युद्धके प्रश्नमें दग्धाधिक स्वरवर्ण होय तो निःसन्देह मृत्यु कह देना, श्रीमहादेवजीने कहा है ॥ ३२ ॥

युद्धप्रश्ने विशेषमाह ।

दीर्घमात्रा आदिमध्यान्तसंख्या जेता दग्धालिङ्गितैर्नो
जयः स्यात् । सूक्ष्मैः पिण्डं द्व्याप्तमिन्दौ जयश्रीः शून्ये
हानिर्निश्चितं युद्धकाले ॥ ३३ ॥

प्रश्नश्रेणीके आदि मध्यान्त वर्णमें दीर्घमात्रा होय तो प्रश्नकर्ताका जय कहना, और दग्धालिंगित स्वर होय तो पराजय कहना अब पिण्डद्वारा कहते हैं। युद्धप्रश्नमें सूक्ष्माङ्क चक्रसे पिण्ड बनाना, इतर चक्रोंसे नहीं बनाना, फेर पिण्डमें दोसे भाग लेना, जो शेष १

बचे तो जय होय, लक्ष्मी प्राप्त होय, शून्य शेष बचे तो युद्धकालमें निश्चय हानि होय ॥ ३२ ॥

इति श्रीमिश्रनन्दरामकृतप्रश्नरत्नसुन्दरीटीकायां
संयुक्तादिप्रकरणं द्वितीयम् ।

मूकादिप्रकरणम् ।

अथास्य मनसि किमिति प्रश्ने, मम मनसि किमिति प्रश्ने च यथार्थज्ञानार्थं जीवादिप्रकरणमवतारयति ।

तत्राखिलजगतस्त्रियोनिकत्वादादौ सामान्यं त्रियोनिकज्ञानमाह ।

जीवं मूलं धातुरुक्तस्तदर्णैस्तन्मात्राद्यैः प्रश्नवर्णाद्य-
संस्थैः । जीवं मूलं धातुरालिङ्गिताद्यैः प्रश्नेऽनल्पा यत्स्व-
रा सैव योनिः ॥ १ ॥

प्रश्नश्रेणिके आदि वर्णमें पूर्वोक्त जीवपक्ष संज्ञक स्वरवर्ण होय तो जीवयोनि कहना, और मूलपक्ष संज्ञक स्वरवर्ण होय तो मूलयोनि कहना, धातुपक्ष संज्ञक स्वरवर्ण होय तो धातु योनि कह देना । प्रकारान्तर कहते हैं । आलिङ्गित स्वर जीव पक्ष संज्ञक है अभिधूम्र स्वर मूलपक्ष संज्ञक है, दग्धस्वर धातु पक्षसंज्ञक है, प्रश्नश्रेणीमें जिस पक्षके स्वर बहुत होय वह पक्ष कहना चाहिये ॥ १ ॥

अथ मुष्टिलूकाप्रश्न विशेषमाह ।

मुष्टिप्रश्न जीववर्णेषु मूलं मूले धातुर्जीवमुक्तं च धातौ ।
लूकाप्रश्ने धातुरुक्तं च जीवे धातौ मूलं जीवमुक्तं तु मूले ॥ २ ॥

मुष्टिप्रश्नके विषयमें पूर्वोक्त जीवपक्षका वर्णमात्रामें मूल योनि कहना, और मूलपक्षका वर्णमात्रामें धातुयोनि कहना, और धातुपक्षका वर्णमात्रामें जीवयोनि कहना, और लूकाप्रश्नके विषयमें

